प्रेस नोट संख्या - 15

दिनांक 18.02.2026

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना अमेठी पुलिस द्वारा चोरियों का खुलासा, चोरी के 02 नलकूप इंजन व चोरी की घटना में प्रयुक्त मैजिक पिकअप वाहन के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी अमेठी श्री मनोज कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 18.02.2026 को थाना अमेठी पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 39/26 धारा 331(4), 305, 317(2) बी0एन0एस0 व मु0अ0सं0 40/26 धारा 303(2), 317(2) बी0एन0एस0 थाना अमेठी जनपद अमेठी से संबन्धित मैजिक पिकअप वाहन सवार 04 अभियुक्तों 1.लवकुश कोरी पुत्र जगेसर निवासी ग्राम रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष, 2.अंकित कुमार पुत्र छंगू कोरी निवासी रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष, 3.प्रान्शु कश्यप पुत्र बैजनाथ निवासी रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष व 4.राजबहादुर कोरी पुत्र रामअभिलाष निवासी रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। मैजिक पिकअप वाहन संख्या यूपी 36 टी 6394 की चेकिंग में गाड़ी के डाले में 02 नलकूप इंजन खुले हुये बरामद हुये तथा अभियुक्तगण उपरोक्त वाहन के कागज मांगने पर दिखाने में कासिर रहे।

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि दिनांक 10.02.2026 को ग्राम दरखा के पूरे बरियार में गांव के बाहर खेत में बने कमरे का ताला तोड़कर 01 नलकूप इंजन व ग्राम दरखा के खेत में लगे 01 नलकूप इंजन को चोरी किया था। चोरी करने के उपरान्त उन लोगों ने उक्त नलकूप इंजनों को मैजिक वाहन में लादकर छिपा दिया था जिसे आज बेचनें के लिए जा रहे थे। बरामदगी व गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना अमेठी पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–

1. लवकुश कोरी पुत्र जगेसर निवासी ग्राम रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष।
2. अंकित कुमार पुत्र छंगू कोरी निवासी रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष।
3. प्रान्शु कश्यप पुत्र बैजनाथ निवासी रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष।
4. राजबहादुर कोरी पुत्र रामअभिलाष निवासी रामगढ़ थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष।

बरामदगी-

1. चोरी के 02 नलकूप इंजन।
2. चोरी की घटना में प्रयुक्त मैजिक पिकअप वाहन संख्या यूपी 36 टी 6394।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 39/26 धारा 331(4), 305, 317(2) बी0एन0एस0 थाना व जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 40/26 धारा 303(2), 317(2) बी0एन0एस0 थाना व जनपद अमेठी।
3. मैजिक पिकअप वाहन संख्या यूपी 36 टी 6394। (धारा 207 एमवी एक्ट।)

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री रवि कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना व जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 राजेश कुमार सिंह थाना व जनपद अमेठी।
3. हे0का0 संदीप मिश्र थाना व जनपद अमेठी।
4. का0 सौरभ अग्रहरि थाना व जनपद अमेठी।
5. का0 अशोक सिंह थाना व जनपद अमेठी।
6. का0 धर्मेन्द्र यादव थाना व जनपद अमेठी।